INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Question bank and Grammar	Topic- छुट्टी नहीं ली मैंने	Note: Please complete your work.

प्रश्नोत्तर

क. बादल कैसे बनते हैं ?

उत्तर = सूर्य की गर्मी से सभी जल स्रोतों का जल गरम होकर भाप बन जाता है और भाप ऊपर की ठंडक से जमकर बादल बन जाती है ।

ख. इंद्रधनुष के रंगों के नाम क्रम से लिखिए ।

उत्तर = लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला, बैंगनी |

ग. इंद्रधनुष में रंग भरने का काम कौन करता है ?

उत्तर = इंद्रधनुष में रंग भरने का काम सूर्य करता है । वर्षा के बाद जब सूर्य की किरणें पानी की बूँदों पर पड़ती हैं तो वे सात रंगों में अलग हो जाती हैं; ये सात रंग हमें इंद्रधनुष के रूप में दिखाई देते हैं ।

घ. सूर्य आपके सामने होता तो आप उससे क्या पूछते ?

उत्तर = यदि सूर्य मेरे सामने होता तो मैं उससे पूछता कि

1 आप इतने गर्म क्यों हो?

2 आप चारों तरफ़ रोशनी क्यों फैलाते हो?

3 आप इतने चमकीले क्यों हो?

4 आप इतने बड़े व गोल क्यों हो?

अभ्यास (*Exercises*)

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option -----*

क. जल को भाप कौन बनाता है ?

सूर्य चंद्रमा तारे इंद्रधनुष

ख. इंद्रधनुष में कितने रंग होते है ?

पाँच छह सात चार

ग. सूर्यग्रहण के समय सूर्य के आगे कौन खड़ा हो गया था ?

तारा चंद्रमा ग्रह धरती

उत्तर = क. सूर्य ख. सात ग. चंद्रमा

2. सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए |

Complete the sentences with the correct words.

बादल
आकाश
इंद्रधनुष
सूर्यग्रहण

क. .... लगने पर अँधेरा हो जाता है |

ख. भाप वायुमंडल की ठंडक से .... बन जाती है |

ग. वर्षा के बाद .... दिखाई देता है |

घ. .... कितना सुंदर लग रहा है |

उत्तर= क. सूर्यग्रहण ख. बादल ग. इंद्रधनुष घ. आकाश

3. विलोम शब्द | Opposite Words.

सरदी -	गरमी	बड़ा -	छोटा
मोटा -	पतला	नया -	पुराना
काला -	सफ़ेद	सूखा -	गीला
शांति -	अशांति	अंदर -	बाहर
सच -	झूठ	न्याय -	अन्याय

4. हिंदी अर्थ लिखिए | (Write Hindi Meanings.)

Artist-	कलाकार	Steam-	भाप
Picture-	चित्र	Rain -	वर्षा
Moon -	चंद्रमा	Colour-	रंग
River -	नदी	Clouds-	बादल

5. वर्तनी शुद्ध कीजिए | (Correct the spellings.)

सॅूय	-	सूर्य	अंधेरा	-	अँधेरा
तलाब	-	तालाब	इँद्रधनुष	-	इंद्रधनुष
असमानी	-	आसमानी	चीत्रकार	-	चित्रकार

6. वाक्य बनाइए | (Make sentences.)

सूर्य - सूर्य हमें गरमी देता है ।

चंद्रमा - चंद्रमा का प्रकाश शीतल होता है ।

बादल - आसमान में काले-काले बादल छा गए ।

तालाब - तालाब का पानी सूख गया ।

समुद्र - समुद्र का पानी खारा होता है ।

7. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए |

क. जिसका अंत न हो - अनंत

ख. किसी से भी न डरने वाला - निडर

ग. जिसका कोई कारण न हो - अकारण

घ. चित्र बनाने वाला - चित्रकार

ङ. साथ पढ़ने वाला - सहपाठी

च. जिसमे बहुत शक्ति हो - शक्तिशाली

8. दिए गए वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए |

I. मोहन ...... चूहे को डंडे .... मारा |

II. पेड़ .... डाली .... चिड़िया बैठी है |

III. रीता .... बिल्ली .... दूध पिलाया |

IV. मेरा घर विद्यालय .... पास है |

V. दादी जी बाज़ार .... बच्चों .... खिलौने लाईं |

VI. रीना .... पुस्तक मेज़ .... रखी |

VII. पानी .... मछलियाँ तैर रही हैं |

VIII. हमारी गरमी .... छुट्टियाँ जून ...... होंगीं |

I. ने, से
II. की, पर
III. ने, को
IV. के
V. से, के लिए
VI. ने, पर
VII. में
VIII. की, में

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆